आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

सोमवार 02.06.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकसित उत्तराखण्ड बनाने के लिए समाज के अन्तिम छोर के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में प्रदेशभर के छात्र—छात्राओं को बड़ी सौगात देते हुये सुपर—100 का उद्घाटन किया।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नैनबाग क्षेत्र के भीनाऊ गांव में स्थानीय जनता से संवाद कर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।
- 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत चम्पावत और रुद्रप्रयाग जिलों में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन।

मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साल 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य करने के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आवास से आज प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में श्री धामी ने विकसित उत्तराखण्ड के लिए ग्राम स्तर से जिला स्तर तक 2047 तक कैसा स्वरूप होगा, इस दिशा में जिलाधिकारियों को कार्य करने पर बल दिया। साथ ही समाज के अंतिम छोर के लोगों तक पहुंचकर उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ ही उनको मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने जिलों में जनहित से जुड़े 5—5 बैस्ट प्रैक्टिस और नवाचारों पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जिलों को पुरस्कृत किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को नियमित स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से 25 जुलाई तक जिलों में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने के साथ ही प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने जलस्रोतों के संरक्षण और अमृत सरोवरों की कार्यप्रगति की नियमित निगरानी करने तथा प्रत्येक जिले में इसके लिए नोडल अधिकारी बनाने के भी निर्देश दिए।

शिक्षा / स्वास्थ्य मंत्री

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में प्रदेशभर के छात्र—छात्राओं को बड़ी सौगात देते हुये सुपर—100 का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालयों से चयनित छात्र—छात्राओं के लिये इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिये निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जायेगी। उन्होंने कहा यह पहल न केवल प्रतिभाओं को निखारेगी, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के सपनों को भी साकार करेगी।

वहीं, डॉ. रावत ने आज राजकीय दून मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध दून चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में आम जनमानस के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लोकार्पण भी किया।

भारतीय भाषा समर कैम्प

टिहरी जिले के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, जाखणीधार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने जहां विभिन्न भाषा और बोलियों को समझने का प्रयास किया, वहीं अनेक रोचक गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। समर कैंप के संयोजक सुशील डोभाल ने कहा कि समर कैंप में स्कूली बच्चों को भारत के विभिन्न राज्यों और पड़ोसी देश में बोली जाने वाली भाषाओं से परिचित करवाते हुए उन्हें अन्य भाषाएं सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

समर कैप में भाग लेने वाली कक्षा 11 की छात्रा प्राची ने बताया कि समर कैंप में गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी आदि भाषा के अलावा अन्य प्रदेशों की भाषाओं को भी सीखने का मौका मिला।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री गणेश जोशी अपने तीन दिवसीय उत्तरकाशी और टिहरी जिलों के भ्रमण के दौरान आज नैनबाग क्षेत्र के काफल गांव स्थित भीनाऊ गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता से संवाद किया और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सरकार, गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और खेती, पर्यटन व स्वरोजगार के क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के गांव अब पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से एक बार ज़रूर काफल गांव आने की अपील की।

हरित योग चम्पावत

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आज चम्पावत जिले में 36वीं वाहिनी भारत–तिब्बत सीमा पुलिस, लोहाघाट के प्रांगण में "हरित योग" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अभ्यास के रूप में आयोजित "हरित योग" कार्यक्रम में बल के जवानों को योग शपथ दिलाई गई। इसके बाद योग अभ्यास सत्र में योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योग आसनों और मुद्राओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर 36वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार ने जवानों को योग को अपनी दिनचर्या में अपनाने की प्रेरणा दी। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आनंद सिंह गुसाईं ने पर्यावरण संरक्षण को एक नागरिक कर्तव्य बताया और सभी से प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने का आग्रह किया। हरित योग, केंद्रीय आयुष मंत्रालय की एक पर्यावरणीय पहल है, जिसका उद्देश्य योग के माध्यम से व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करना है। यह पहल वृक्षारोपण और पर्यावरण हितैषी गतिविधियों को प्रोत्साहित करती है, जिससे योग न केवल स्वास्थ्य का, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी माध्यम बन सके।

हरित योग रुद्रप्रयाग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत रुद्रप्रयाग जिले के कार्तिक स्वामी मंदिर परिसर में भी आज हरित योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग अनुदेशकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। हरित योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, स्कूली छात्र–छात्राओं और पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र के बाद प्रतिभागियों ने मंदिर प्रांगण और आस–पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण भी किया।

मौसम

राजधानी देहरादून में आज सुबह तेज हवाएं चलने के साथ ही रुक–रुक कर बारिश हुई। बाद में मौसम साफ रहा। वहीं, बागेश्वर जिले में दोपहर बाद आंधी के साथ ही जिले में बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग की कुछ क्षेत्रों में बारिश की संभावना के मद्देनजर जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस बीच, मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि गढ़वाल मंडल के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और बारिश के तीव्र दौर सहित झोंकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।